# जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

**प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**

**क्रमांक– 78**
**दिनांक–07.09.2026**

## विद्यार्थियों को स्किल्ड सीखने और दूसरों को रोजगार देने वाले बनने की आवश्यकता–डॉ. नरेन्द्र कुमार गोंटिया

### कृषि इंजीयिरिंग कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

**जबलपुर 07 सितम्बर, 2026।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर में बी.टेक. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु दो सप्ताह तक चलने वाले व्याख्यान व दीक्षारंभ 2026–27 कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्र एवं पूर्व कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय जूनागढ़, डॉ. नरेन्द्र कुमार गोंटिया के मुख्यआतिथ्य में एवं अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. एस.के. प्यासी की अध्यक्षता और डॉ. ए.के. राय के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। मुख्यअतिथि की आसंदी से डॉ. नरेन्द्र कुमार गोंटिया ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि विद्यार्थियों को कृषि के लिए मशीनरी और कृषि उपकरण बनाकर देश को उच्च पटल पर स्थापित करने का हुनर होना आवश्यक है, यहां पर प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले बी.टेक कृषि के विद्यार्थियों को स्किल्ड सीखने और भविष्य में दूसरों को रोजगार देने वाले बनने की आवश्यकता है। आपने कहा कि यहां के विद्यार्थी देश दुनिया में जनेकृविवि और कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज को गौरांवित कर रहे हैं। आज एआई एवं जीआईएस एण्ड रिमोट सेंसिंग का जमाना है। आपने हेल्थ फूड इंडस्ट्री, कृषि के इतिहास एवं भविष्य में कृषि इंजीनियरिंग की भूमिका सहित बहुत ही महत्वपूर्ण व रोचक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. एस.के. प्यासी ने दो सप्ताह तक चलने वाले दीक्षारंभ कार्यक्रम के व्याख्यान व कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया और उपस्थित वक्ताओं से सवाल, जवाब कर संतुष्टि प्राप्त की।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. भारती दास, डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डॉ. यज्ञेश नारायण श्रीवास्तव सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।